# DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR

***SESSION : 2025-26***

***SUBJECT : HINDI***

***CLASS : III***

***Term - 1 & 2***

****SYLLABUS***

**** ART INTEGRATED LEARNING (AIL)***

**** SUBJECT ENRICHMENT ACTIVITY(SEA)***

**** WORKSHEET***

**** QUESTION BANK***

**** REVISION of PT-1, PT-2, HALF YEARLY & ANNUAL EXAM***

# TERM-I SYLLABUS

| SUBJECT: HINDI [TERM -I] | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **महीना** | **पाठ्य पुस्तक** | **व्याकरण** | **क्रियात्मक कार्य** | **गतिविधि** |
| अप्रैल / मई | पाठ -1 (ख) देश हमारा (कविता) | * भाषा<br>* संज्ञा | *अपठित गद्यांश | -तिरंगे का चित्र बनाकर उसमें रंग भरिए\|<br>-'हमको मन की शक्ति देना' प्रार्थना गीत याद करके सुनाइए\| (AIL) |
| जून | पाठ –2 मोर और कौआ | * लिंग | *अनुच्छेद लेखन | -पक्षियों के पंख इकट्ठा करके स्क्रैप बुक में लगाइए\| |
| PT -1 Syllabus :-<br>**पाठ्यपुस्तक – पाठ-1 देश हमारा , पाठ -2 मोर और कौआ**<br>**व्याकरण - भाषा, संज्ञा , लिंग**<br>**क्रियात्मक कार्य - अपठित गद्यांश, अनुच्छेद लेखन** | | | | |
| **जुलाई** | **पाठ - 3 श्याम और बूढ़ी गाय**<br>**पाठ-5 मधुर वाणी (मौखिक)** | ***वचन**<br>***सर्वनाम** | *** चित्र वर्णन**<br>***अपठित पद्यांश** | **कविता में जिन सब्ज़ियों के नाम आए हैं उनके चित्र चिपकाकर नाम लिखिए\|** |
| **अगस्त** | **पाठ- 4 गेहूँ की बालियाँ(कविता)**<br>**पाठ-6 ऐसे किया छुट्टियों का सदुपयोग** | ***विशेषण** | *** चित्र वर्णन**<br>***अनौपचारिक पत्र लेखन(प्रारूप)** | **अनाजों को छोटे-छोटे पैकेट में संग्रहित करके स्क्रैप बुक में चिपकाकर उनके नाम लिखिए\|**<br>**कोई-5** (SEA)<br>**पक्षियों के लिए एक प्यारा सा घोंसला बनाइए\|** |
| **सितम्बर** | *** पुनरावर्तन** | *** पुनरावर्तन** | *** पुनरावर्तन** | *** प्रश्नोत्तरी** |
| HALF YEARLY SYLLABUS :-<br>**पाठ्यपुस्तक - पाठ -1 (ख) देश हमारा, पाठ –2 मोर और कौआ, पाठ - 3 श्याम और बूढ़ी गाय, पाठ - 4 गेहूँ की बालियाँ, पाठ -6 ऐसे किया छुट्टियों का सदुपयोग**<br>**व्याकरण - भाषा, संज्ञा , लिंग, वचन, सर्वनाम, विशेषण\|**<br>**क्रियात्मक कार्य - अपठित गद्यांश, अपठित पद्यांश, चित्र-वर्णन , अनुच्छेद लेखन** | | | | |

## ART INTEGRATED LEARNING (AIL)

‘हमको मन की शक्ति देना’ प्रार्थना गीत याद करके कक्षा में सुनाइए|

अंक विभाजन:- 4 अंक - लय के साथ गाना

4 अंक - सही उच्चारण

2 अंक - प्रस्तुतिकरण के

## SUBJECT ENRTICHMENT ACTIVITY (SEA)

**अनाजों को छोटे-छोटे पैकेट में संग्रहित करके स्क्रैप बुक में चिपकाकर उनके नाम लिखिए| कोई-5 (SEA)**

अंक विभाजन:-

6 अंक - अनाज को **पैकेट में संग्रहित करने के**

4 अंक - नाम लिखने के

2 अंक - समग्र प्रस्तुतिकरण

# CBE Based Question Bank

## पाठ- 1 देश हमारा (कविता)



प्रश्न-1 पिता तुल्य है देश हमारा - पंक्ति में 'पिता' शब्द किसके लिए उपयोग किया गया है?

प्रश्न-2 'सुत' शब्द का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए|

प्रश्न-3 हमारा पालनहार कौन है?

प्रश्न-4 देश अपने हर सुत को क्या देता है?

प्रश्न-5 देश हमारा कविता के कवि कौन हैं?

## पाठ-2 मोर और कौआ



प्रश्न-1 कौन से पक्षी की ज़्यादा इच्छाएँ नहीं थीं?

(i) कौआ (ii) बगुला (iii) तोता (iv) ये सभी

प्रश्न-2 कौए ने हंस के पास जाकर क्या पूछा?

प्रश्न-3 हंस के अनुसार धरती का सबसे सुंदर प्राणी कौन है?

प्रश्न-4 हंस कब तक खुश था ?

प्रश्न-5 क्या कौए को जंगल में मोर मिलता है?

## पाठ-3 श्याम और बूढ़ी गाय



प्रश्न-1 श्याम कितने वर्ष का था?

(i) आठ (ii) नौ (iii) दस (iv) ग्यारह

प्रश्न-2 कोई 3 घास चरने वाले जानवरों के नाम लिखिए?

प्रश्न-3 कौन अपनी गाय बेच रहा था?

प्रश्न-4 काका अपनी गाय किसे बेच रहे थे?

(i) किसान को (ii) वकील को (iii) कसाई को (iv) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-5 कितने दिनों में खाद तैयार हो गई?

## पाठ -4 गेहूँ की बालियाँ (कविता)



प्रश्न-1 किसकी बालियाँ पक गईं हैं?

(i) दाल की (ii) गेहूँ की (iii) चावल की (iv) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-2 किसान का नाम क्या है?

प्रश्न-3 किसनू काका क्या सुना रहे हैं?

प्रश्न-4 पकी चावल की बालियाँ कैसी चाँदी की-सी लगतीं| रेखांकित शब्दों की जगह सही शब्द लिखिए?

प्रश्न-5 कविता के कवि का नाम लिखिए?

## पाठ-6 ऐसे किया छुट्टियों का सदुपयोग



प्रश्न-1 अंश खुश क्यों था?|

(i) छुट्टी के लिए (ii) खिलौनों के लिए (iii) खाने के लिए (iv) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-2 हमें लंबा व स्वस्थ जीवन जीने के लिए क्या खाना चाहिए?

प्रश्न-3 कौन अपनी परेशानी नहीं बता सकते?

प्रश्न-4 बच्चों के नेक काम में किसने साथ दिया?

प्रश्न-5 गहरी सोच में कौन डूबा हुआ था?

# हिंदी व्याकरण

## भाषा और व्याकरण

प्रश्न-1 हम अपने विचार किसके द्वारा एक-दूसरे तक पहुँचा सकते हैं?

प्रश्न-2 बिना बोले हम किसके द्वारा अपनी बात दूसरे को समझा सकते हैं?

प्रश्न-3 नीचे दिए चित्रों में जिन कामों के लिए भाषा का प्रयोग ज़रुरी है उन पर ☑ लगाइए-








प्रश्न-4 हिंदी भाषा की लिपि क्या है? ( देवनागरी रोमन फ़ारसी )

प्रश्न-5 भाषा का बोला गया रूप -------------------- कहलाता है?

## संज्ञा

<u>दिया</u> तुम कहाँ गई थी? मैं <u>दिल्ली</u> गई थी| दिल्ली में क्या-क्या देखा? दिल्ली के चिड़ियाघर में मोर, शेर, गेंडा, हाथी, जिराफ़, बंदर आदि जानवर देखे| रिया तो उन्हें देखकर बहुत खुश हुई|

प्रश्न-1 किसी प्राणी, जगह, वस्तु या मन के भाव को ---------------- कहते हैं|

प्रश्न-2 संज्ञा के तीन भेद लिखिए- ------------------, ------------------, ---------------------|

प्रश्न-3 उपर्युक्त पंक्तियों में दिए रेखांकित शब्द संज्ञा का कौन-सा भेद है लिखिए-

दिया- जानवर- खुश-

प्रश्न-4 संज्ञा का कौन-सा भेद गुण-दोष के बारे में बताता है?

प्रश्न-5 “दिल्ली में क्या-क्या देखा?” वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा चुनकर लिखिए|

## लिंग

प्रश्न-1 स्त्री जाति तथा पुरूष जाति को बताने वाले शब्द _______________ कहलाते हैं|

प्रश्न-2 वाक्य में आई क्रिया शब्दों से लिंग की पहचान कीजिए-

रोटी बन रही है| ---------------------

पानी बह रहा है| -----------------------

प्रश्न-3 चित्र को देखकर स्त्रीलिंग शब्द लिखिए-



प्रश्न-4 कोई 3 पुल्लिंग शब्द लिखिए|

प्रश्न-5 'कुरसी' स्त्रीलिंग है या पुल्लिंग?

## वचन




प्रश्न-1 वचन कितने प्रकार के होते हैं?

प्रश्न-2 सदा एकवचन वाले कोई दो शब्द लिखिए|

प्रश्न-3 सदा बहुवचन वाले कोई दो शब्द लिखिए|

प्रश्न-4  --------- रंग-बिरंगे हैं|

प्रश्न-5  पेड़ से ------------- झड़ रहे हैं|

## सर्वनाम

**सही सर्वनाम शब्द लिखकर कहानी पूरी कीजिए-**






(उसे, इस, तुम्हारी, उसने, वह, मैं, मुझे)

एक बार जंगल के राजा शेर ने चूहे को दबोच लिया| चूहे ने शेर से कहा ----------आज छोड़ दो --------- भी --------------- कभी न कभी मदद कर दूँगा| शेर ने------छोड़ दिया| ---------- बार शेर शिकारियों के जाल में फँस गया| अब चूहे की बारी थी| --------- जाल को अपने दाँतों से काट दिया और ------ बच गया|

## विशेषण

प्रश्न-1 संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द ------------ कहलाते हैं|

प्रश्न-2  पेड़ पर ---------- और ------- आम लगे हैं|

प्रश्न-3  ----------- मटका|

प्रश्न-4  ---------- हाथी|

प्रश्न-5  ----------- अंगूर|

## CBE WORKSHEET



# PT I REVISION

**प्रश्न 1** **निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **4x1=4**

एक गाँव में एक मूर्तिकार रहता था ।वह देवी-देवताओं की सुन्दर मूर्तियाँ गढ़ा करता था । एक बार उसने भगवान की बहुत सुन्दर मूर्ति गढ़ी । वह मूर्ति उसे ग्राहक के पास पहुँचानी थी । इसलिए उसने कुम्हार से गधा किराए पर लिया । फिर उसने मूर्ति गधे पर लादी और चल पड़ा । रास्ते में जो उस मूर्ति को देखता पल भर रुककर मूर्ति की तारीफ जरुर करता । कुछ लोग उस मूर्ति को देखते ही झुककर प्रणाम करते । यह देखकर उस मूर्ख गधे ने सोचा कि लोग उसी की प्रशंसा कर रहे हैं और उसी को हाथ जोड़ रहे हैं । वह अकड़ कर सड़क के बीच खड़ा हो गया और ज़ोर-ज़ोर से रेंकने लगा । मूर्तिकार ने गधे को पुचकार कर चुप करने की बहुत कोशिश की परन्तु वह रेंकता रहा । अंत में उस मूर्तिकार ने डंडे से उसकी खूब पिटाई की । मार खाने के बाद गधे का सारा घमंड उतर गया । उसके होश ठिकाने आ गए और वह चुपचाप चलने लगा ।



(क) गाँव में कौन रहता था?

(ख) मूर्तिकार किसकी मूर्तियाँ बनाता था?

(ग) रास्ते में आते-जाते लोग किसकी तारीफ़ करते थे?

(घ) कोई तीन सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए|

**प्रश्न 2** **प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **2x1=2**

(क) भाषा के कितने रूप हैं?

(ख) कोई दो भषाओं के नाम लिखिए?

**प्रश्न 3** **संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए-** **2x1=2**

(क) मेरी कार लाल है|

(ख) मेरा प्रिय फल आम है|

**प्रश्न4** **नीचे दिए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए-** **2x1=2**

(क) चुहिया-

(ख) मालिन-

**प्रश्न 5 प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2x2=4**

(क) पिता के समान किसे कहा गया है?

(ख) तोते के शरीर पर कितने रंग थे?

**प्रश्न 6 वाक्य प्रयोग कीजिए- 2x1=2**

(क) नमन-

(ख) भीड़-

**प्रश्न 7 'मेरा घर' विषय पर 40 से 45 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए| 4x1=4**

संकेत बिंदु-सबसे महत्वपूर्ण स्थान-सुंदर-नाम-रंग-कौन-कौन रहते हैं-घर में बहुत प्यार है|

# HALF YEARLY REVISION

**खण्ड-क**

**प्रश्न 1** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **6x1=6**

एक तितली थी| उसके पंखों का रंग लाल, नीला व पीला था| वह दिनभर उड़ती रहती थी और फूलों का स्वादिष्ट रस पीती थी| वह कभी इस डाली तो कभी उस डाली पर जाकर बैठ जाती थी| उसे मीठी खीर और ककड़ी भी बहुत पसंद थी| जैसे ही भँवरे फूल पर आकर बैठते वह उन्हें झट से वहाँ से भगा देती थी| वह चिड़ियों के साथ खेलना पसंद करती थी| तितली अपनी साथी तितलियों के साथ फूलों के बगीचे में जाती और गुलाब,मोगरा और सूरजमुखी के फूलों के रस का मज़ा लेती थी| उसे गुलाब और मोगरे की महक बहुत अच्छी लगती थी| हवा का तेज़ झोंका आते ही वह वहाँ से उड़ जाती और अपने घर वापस लौट आती थी|

(क) तितली के पंखों का रंग कैसा था?

(ख) तितली दिन भर क्या करती थी?

(ग) उसे क्या खाना पसंद था?

(घ) तितली किन्हें वहाँ से भगा देती थी?

(ङ) तितली को किसके साथ खेलना पसंद था?

(च) बगीचे में कौन-कौन से फूल खिले थे?

**प्रश्न 2** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **4x1=4**



(क) यह कविता किसके बारे में है?

(i) छुट्टी के बारे में (ii) खिलौनों के बारे में (iii) पेड़ के बारे में

(ख) पेड़ कैसे हैं?

(ग) इनकी छाया में हम क्या करते हैं?

(घ) पेड़ हमें किसका पाठ सिखाते हैं?

## खण्ड - ख

**प्रश्न 3** **भाषा का लिखा हुआ रूप क्या कहलाता है?** **1x1=1**

**प्रश्न 4** **नीचे लिखे वाक्यों में संज्ञा शब्दों पर रेखा कीजिए-** **2x1=2**

(क) रीमा बाहर जा रही है|

(ख) पेड़ पर हरे पत्ते हैं|

**प्रश्न 5** **चित्रों को देखकर उनके नाम सही जगह पर लिखिए-** **3x1=3**



स्त्रीलिंग-

पुल्लिंग-

**प्रश्न 6** **दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखिए-** **3x1=3**

(क) पत्ता-

(ख) गुब्बारा-

(ग) लड़का-

**प्रश्न 7** **नीचे दिए सर्वनाम शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए-** **3x1=3**

(क) तुम-

(ख) किसने-

(ग) आप-

**प्रश्न 8** **हर चित्र के लिए सही विशेषण पर ◯ कीजिए-** **3x1=3**

(क)  गोल चौकोर लंबा

(ख)  काले रंग-बिरंगे पतले

(ग)  गहरी मोटी सुंदर

## <u>खण्ड - ग</u>

**प्रश्न 9** **प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

(क) तोते के शरीर पर कितने रंग थे? **1x1=1**

(ख) क्या देखकर किसनू काका गीत गाते हैं? **2x1=2**

(ग) अंश ने अपने मित्रों को क्या योजना बताई? **2x1=2**

**प्रश्न 10** **पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **3x1=3**

श्याम एक दस वर्ष का बहुत ही दयालु और समझदार लड़का था| एक बार श्याम के पड़ोसी मदन काका अपनी बूढ़ी व लाचार गाय को एक कसाई के हाथों बेच रहे थे| यह देखकर श्याम रोने लगा|

(क) श्याम कितने वर्ष का था?

(ख) मदन काका किसे बेच रहे थे?

(ग) गद्यांश में से कोई दो सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए|

**प्रश्न 11** **पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **3x1=3**

पिता तुल्य है देश हमारा,

हम सबका यह पालनहार|

सुख हर देता दु:ख हर लेता,

नमन देश को शत-शत बार|

(क) देश को किसके समान बताया गया है?

(ख) दुःख हमारे कौन हर लेता है?

(ग) ‘प्रणाम’ का समानार्थी शब्द चुनकर लिखिए|

**प्रश्न 12** **वाक्य पूर्ति कीजिए-** **2x1=2**

(क) किसी --------- में एक कौआ रहता था| (जंगल/घर)

(ख) पेड़ों पर -------- पानी पीकर चहक रहे थे| ( पक्षी/ जानवर)

**प्रश्न 13** **सही विकल्प चुनिए-** **2x1=2**

(क) कौए ने जंगल में किसे देखा?

(i)हंस (ii)गिलहरी (iii) साँप

(ख) जो खेती करता है-

(i)किसान (ii) माली (iii)कुम्हार

**<u>खण्ड - घ</u>**

**प्रश्न 14** **नीचे दिए शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए-** **2x1=2**

(क) समझदार (ख) खुश

**प्रश्न-15** **“मेरा घर” विषय पर 40 से 45 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए|** **4x1=4**

**प्रश्न-16** **चित्र को देखकर 40 से 45 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए|** **4x1=4**



| SUBJECT: HINDI [TERM -II] | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **महीना** | **पाठ्य पुस्तक** | **व्याकरण** | **क्रियात्मक कार्य** | **गतिविधि** |
| अक्टूबर | पाठ -7 जैसे को तैसा | * क्रिया<br>* पर्यायवाची शब्द | *अपठित गद्यांश<br>*चित्र वर्णन | इन्टरनेट की सहायता से प्रवासी पक्षियों को पहचानिए और नाम चुनकर लिखिए । |
| नवम्बर | पाठ-8 चुम्बक का पहाड़<br>पाठ-9 शेर और शतपत्र (मौखिक) | *विलोम<br>* वाक्यांशों के लिए एक शब्द | *अनुच्छेद लेखन | भेड़ के चित्र में रूई या ऊन लगाइए। |
| PT -II Syllabus :-<br>**पाठ्यपुस्तक** - पाठ-7 जैसे को तैसा , पाठ-8 चुम्बक का पहाड़<br>**व्याकरण** -क्रिया, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द<br>**क्रियात्मक कार्य** - अनुच्छेद लेखन, अपठित गद्यांश | | | | |
| **दिसम्बर** | **पाठ – 10 दीनबंधु एंड्रयूज़**<br>**पाठ-11 ऐसा मेरा गाँव (कविता )** | ***अनेकार्थक शब्द** | ***अनौपचारिक पत्र (प्रारूप)**<br>***अपठित पद्यांश** | प्रसिद्ध व्यक्तियों को पहचानिए और इनमें से किसी एक व्यक्ति के रूप में स्वयं को प्रस्तुत करते हुए संक्षिप्त परिचय दीजिए । इनके प्रसिद्ध कथन भी बोलिए । **(SEA)** |
| **जनवरी** | **पाठ- 12 मैंने मनाई होली (गीतकथा)** | ***अशुद्धि शोधन** | ***अनौपचारिक पत्र** | पंक्तियों को पढ़कर गाँव का दृश्य बनाइये, जिसमें उगते हुए सूरज,चहचहाते पक्षी, कांव-कांव करते कौए आदि हों। **(AIL)** |
| **फरवरी** | * **पुनरावर्तन** | * **पुनरावर्तन** | * **पुनरावर्तन** | * **प्रश्नोत्तरी** |
| ANNUAL EXAM SYLLABUS :-<br>पाठ्यपुस्तक - पाठ -7 जैसे को तैसा, पाठ –8 चुम्बक का पहाड़, पाठ – 10 दीनबंधु एंड्रूएज़, पाठ – 11ऐसा मेरा गाँव, पाठ -12 मैनें मनाई होली<br>व्याकरण - क्रिया,पर्यायवाची शब्द, विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, अनेकार्थक शब्द, अशुद्धि शोधन<br>**क्रियात्मक कार्य** – अनौपचारिक पत्र, चित्र वर्णन, अपठित गद्यांश, अपठित पद्यांश | | | | |

## ART INTEGRATED  LEARNING (AIL)

'पंक्तियों को पढ़कर गाँव का दृश्य बनाइये, जिसमें उगते हुए सूरज, चहचहाते पक्षी, कांव-कांव करते कौए आदि हों।

अंक विभाजन:- 4 अंक - चित्र बनाना

4 अंक - रंग भरना

2 अंक - समग्र प्रभाव

## SUBJECT  ENRTICHMENT  ACTIVITY  (SEA)

**प्रसिद्ध व्यक्तियों को पहचानिए और इनमें से किसी एक व्यक्ति के रूप में स्वयं को प्रस्तुत करते हुए संक्षिप्त परिचय दीजिए। इनके प्रसिद्ध कथन भी बोलिए।** (SEA)

अंक विभाजन:- 4 अंक - पहचानना

4 अंक - परिचय


2 अंक - कथन


## LISTENING  ACTIVITY -

**शिक्षिका गद्यांश पढ़कर सुनाएँगी और विद्यार्थी ध्यान से सुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देंगे |**



# CBE Based Question Bank

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **पाठ- 7 जैसे को तैसा (कविता)**<br> | |
| प्रश्न-1 | | लोमड़ी और सारस कहाँ रहते थे? | |
| | | (i)पेड़ के पास (ii) नदी के किनारे (iii) जंगल में (iv) गुफ़ा में | |
| प्रश्न-2 | | लोमड़ी और सारस एक दूसरे के लिए क्या-क्या बनाकर लाए? | |
| | | (i) सूप और खीर (ii) खीर और हलवा | |
| | | (iii) खीर और सूप (iv) सूप और हलवा | |
| प्रश्न-3 | | लोमड़ी ने सारस को अपने घर क्यों बुलाया? | |
| प्रश्न-4 | | सारस ने लोमड़ी से कुछ क्यों नहीं कहा? | |
| प्रश्न-5 | | इस कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है? | |
| | | **पाठ - 8 चुम्बक का पहाड़**<br> | |
| प्रश्न-1 | | तीनों गड़रिये भेड़ें चराने कहाँ गए थे? | |
| | | (i)पहाड़ पर (ii) नदी के किनारे (iii) जंगल में (iv) खेत में | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रश्न-2 | | "तुम बैठो, मैं ज़रा पानी की तलाश करके आता हूँ?" किसने, किससे कहा? | |
| प्रश्न-3 | | गड़रिये को किसने पकड़ लिया? वह वहाँ से कैसे बच निकला? | |
| प्रश्न-4 | | गड़रिया पहाड़ पर किस कारण चिपक गया? | |
| प्रश्न-5 | | पहाड़ के काले पत्थरों की क्या विशेषता थी? अपने शब्दों में लिखिए। | |
| | | **पाठ10 - दीनबंधु एंड्रयूज़**  | |
| प्रश्न-1 | | बालक को जंगल में क्या दिखा? | |
| | | (i) दो अंडे (ii) शेर (iii) शिकारी (iv) चील | |
| प्रश्न-2 | | बालक ने अण्डों का क्या किया? | |
| | | (i) अंडे गिरा दिए (ii) ज़ेब में रख लिए | |
| | | (iii) ढक दिए (iv) कुछ नहीं किया | |
| प्रश्न-3 | | "हाय ! हाय ! तूने यह क्या किया?" माँ ने ऐसा कब कहा? | |
| प्रश्न-4 | | इस घटना का बालक पर क्या प्रभाव पड़ा? | |
| प्रश्न-5 | | एंड्रयूज़ ने भारत आकर क्या किया? उन्हें क्या उपनाम दिया गया?  | |
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **पाठ-11 ऐसा मेरा गाँव (कविता)**<br> | |
| प्रश्न-1 | | कविता 'ऐसा मेरा गाँव' के अनुसार नवजीवन कौन देता है? | |
| | | (i)  (ii)  (iii)  (iv)  | |
| प्रश्न-2 | | गाँव में सुबह किसकी आवाज सुनाई देती है?<br>(i) गाड़ियों की (ii) जानवरों की (iii) पक्षियों और कौए की (iv)लोगों की | |
| प्रश्न-3 | | रिक्त स्थान भरकर कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए- | |
| | (क) | नव - जीवन देती है सबको _______ पेड़ की छाँवl | |
| | (ख) | नदिया की निर्मलतम ________, कल-कल बहती हैl | |
| | (ग) | और धार से लड़ती-भिड़ती, इक छोटी सी _______l | |
| | (घ) | प्रकृति जहाँ पर ______ संवारे, ऐसा मेरा गाँवl | |
| प्रश्न-4 | | सुबह-सुबह पूर्व दिशा में क्या होता है? | |
| प्रश्न-5 | | पुरवाई कैसे बहती है? | |
| | | **पाठ- 12 मैंने मनाई होली**<br> | |
| प्रश्न-1 | | होली का त्योहार किस महीने में मनाया जाता है? | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (i) चैत्र (ii) वैशाख (iii) फाल्गुन (iv) कार्तिक | |
| प्रश्न-2 | | टेसू के फूल से कौन-सा रंग बनाया जाता है?  | |
| | | (i) पीला (ii) लाल (iii) हरा (iv) नीला | |
| प्रश्न-3 | | माँ ने रंग कैसे बनाए और कहाँ रखे? | |
| प्रश्न-4 | | किसने? किससे कहा?-"टेसू के फूलों का रंग त्वचा को लाभ पहुँचाता है, हानि नहीं ।" | |
| प्रश्न-5 | | आपके परिवार में होली का त्योहार कैसे मनाया जाता है? लिखिए। | |
| | | **व्याकरण** | |
| | | **क्रिया** | |
| प्रश्न-1 | | क्रिया शब्दों पर गोला कीजिए -<br>पकड़ना सोना दिल्ली हाथी लिखना<br>रोना रोटी हँसना बारिश बाहर<br>घर पढ़ना थैला विद्यालय गाना | |
| प्रश्न-2 | | नीचे दिए वाक्यों को पढ़कर क्रिया शब्द चुनिए- | |
| | (क) | सोनू पुणे जा रहा है। | |
| | | (i) सोनू (ii) पुणे (iii) जा (iv) जा रहा है | |
| | (ख) | आसमान में काले बादल गरजते हैं। | |
| | | (i) आसमान (ii) गरजते हैं (iii) काले (iv) बादल | |
| | (ग) | बंदर पेड़ पर झूल रहा है। | |
| | | (i) झूल रहा है (ii) पेड़ (iii) बंदर (iv) पर | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (घ) | धोबी कपड़े धोता है। | |
| | | (i) कपड़े (ii) धोता है (iii) धोबी (iv) सभी | |
| | | **काल** | |
| **प्रश्न-1** | | **निम्न में से वर्तमानकाल का उदाहरण है -** | |
| | (क) | बच्चे पार्क में क्रिकेट खेल रहे थे। | |
| | (ख) | बच्चे पार्क में क्रिकेट खेल रहे हैं। | |
| | (ग) | बच्चे पार्क में क्रिकेट खेलेंगे। | |
| **प्रश्न-2** | | **"कल विद्यालय का अवकाश रहेगा।" वाक्य किस काल का है?** | |
| | | (i) भूतकाल (ii) भविष्यकाल (iii) वर्तमानकाल | |
| **प्रश्न-3** | | **चित्र देखकर तीनों कालों के एक-एक वाक्य बनाइए।** | |
| | |  | |
| | | **पर्यायवाची शब्द** | |
| **प्रश्न-1** | | **चित्र देखकर दो-दो- पर्यायवाची शब्द लिखिए-** <br> **(क)**  **(ख)**  **(ग)**  | |
| **प्रश्न-2** | | **दिवस, दिवा, वासर शब्द निम्न में से किसके पर्यायवाची शब्द हैं?** | |
| | (i) | पाठशाला (ii) सूरज (iii) दिन (iv) रात | |
| **प्रश्न-3** | | **'आकाश' का पर्यायवाची शब्द नहीं है-** | |
| | (i) | वृष्टि (ii) नभ (iii) गगन (iv) आसमान | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **वाक्यांश के लिए एक शब्द** | |
| **प्रश्न-1** | | **वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए-** | |
| | (क) | जिसमें बल न हो - ______________ | |
| | (ख) | जो प्रतिदिन होता है - ______________ | |
| | (ग) | जो महीने में एक बार हो - ______________ | |
| **प्रश्न-2** | | **शब्द के लिए वाक्यांश लिखिए -** | |
| | (क) | स्वदेशी - ______________________________ | |
| | (ख) | शहरी - ______________________________ | |
| | (ग) | कृषक - ______________________________ | |
| | | **अनेकार्थक शब्द** | |
| **प्रश्न-1** | | **चित्र देखकर दोनों के लिए समान शब्द लिखिए -** | |
| | (क) |   ______________ | |
| | (ख) |   ______________ | |
| **प्रश्न-2** | | **निम्न शब्दों के दो-दो- अर्थ लिखिए -** | |
| | (i) | हार - ______________ ________________ | |
| | (ii) | कल - ______________ ________________ | |
| | (iii) | भाग - ______________ ________________ | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **अशुद्धि शोधन** | |
| **प्रश्न-1** | | **शुद्ध वर्तनी वाला शब्द चुनिए -** | |
| | (क) |  (i) लोकी (ii) लौकी (iii) लौकि | |
| | (ख) |  (i) साधू (ii) साधु (iii) सधू | |
| | (ग) |  (i) दवाइयां (ii) दवाईयां (iii) दवाइयाँ | |
| **प्रश्न-2** | | **रेखांकित शब्द का शुद्ध रूप कौन-सा है?** | |
| | (क) | हार्दिक ने कक्षा में **<u>कवीता</u>** सुनाई। <br> (i) काविता (ii) कविता (iii) कवीता (iv) कवित | |
| | (ख) | जयेश **<u>बिमार</u>** था, इसलिए नहीं आया। | |
| | | (i) बीमार (ii) बीमर (iii) बेमार (iv) बेमारी | |
| **प्रश्न-3** | | **वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए-** | |
| | (क) | पेड़ के नीचे कोई बच्चे खेल रहे हैं।  | |
| | (ख) | दूध का ठण्डा गिलास दे दो। | |
| | | | |

# CBE WORKSHEET

**कार्य पत्रिका- विपरीतार्थक शब्द**

**<u>परिभाषा</u>: जो शब्द - युग्म एक - दूसरे का विपरीत अर्थ प्रस्तुत करते हैं विपरीतार्थक कहलाते हैं । इन्हें विलोम शब्द या उल्टे अर्थ वाला शब्द भी कहते हैं ।**

**प्रश्न 1 - निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए ।**

| | |
|---|---|
| **क.** ) प्रसन्न | अंधकार |
| **ख.** ) मित्र | अप्रसन्न |
| **ग.** ) प्रकाश | शत्रु |
| **घ.** ) अमीर | भारी |
| **ङ.** ) हल्का | गरीब |
| **च.** ) अच्छा | गीला |
| **छ.** ) सूखा | बुरा |
| **ज.** ) ठंडा | उत्तर |
| **झ.** ) प्रश्न | गरम |
| **ञ.** ) अपना | साफ |
| **ट.** ) गन्दा | पराया |







# PT II REVISION

## खण्ड-क

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **4x1=4**

आज रानी पिकनिक पर जा रही है। वह चिड़ियाघर घूमने जा रही है। वह सभी जानवरों को देखने के लिए उत्साहित है। रानी का पसंदीदा जानवर जिराफ़ है। वह उसकी लंबी गर्दन और धब्बों से प्यार करती है। रानी को उम्मीद है कि वह आज जिराफ़ों को खाना खिला पाएगी। वह तस्वीरें लेने के लिए अपना कैमरा साथ लेकर जा रही है।

(क) आज रानी कहाँ जा रही है?

(i) विद्यालय (ii) पार्क (iii) मंदिर (iv) पिकनिक

(ख) रानी का पसंदीदा जानवर कौन-सा है?

(i) चीता (ii) भालू (iii) जिराफ़ (iv) कुत्ता

(ग) रानी को जिराफ़ के बारे में क्या पसंद है?

(i) लंबी गर्दन (ii) धब्बे (iii) दोनों (iv) आवाज़

(घ) रानी चिड़ियाघर में तस्वीरें लेने के लिए क्या ले कर जा रही है?

(i) कैमरा (ii) दूरबीन (iii) पर्स (iv) रूपये

## खण्ड-ख

**प्रश्न 2 कोष्ठक में दी गई क्रियाओं में से सही क्रिया रूप छाँटकर लिखिए-** **2x1=2**

(क) धोबी कपड़े __________________ । ( धोती है / धोता है )

(ख) वृक्ष पर मीठे-मीठे सेब ______________ । ( लगे हैं / लगा है )

**प्रश्न 3 नीचे दिए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-** **2x1=2**

(क) पानी - _____________, _____________

(ख) हवा - ______________ , ______________

**प्रश्न 4** **शब्दों के सही विलोम शब्द चुनिए-** **2x1=2**

(क) उजाला

(i) चाँद (ii) अँधेरा (iii) अधूरा (iv) रोशनी

(ख) आरम्भ

(i) बाद (ii) आधार (iii) अंत (iv) आगे

**खण्ड-ग**

**प्रश्न 7** **लघूत्तरीय प्रश्न** **2x1=2**

(क) लोमड़ी और सारस ने क्या-क्या पकाया?

(ख) एक गड़रिया किसकी तलाश करने गया?

**प्रश्न 8** **प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **2x2=4**

(क) सारस ने लोमड़ी से कुछ क्यों नहीं कहा?

(ख) गड़रिये का जूता पहाड़ी से क्यों चिपक गया था?

**खण्ड-घ**

**प्रश्न 9** **'मेरा प्रिय खेल' विषय पर अनुच्छेद लिखिए।** **4x1=4**

## ANNUAL EXAM REVISION

### खण्ड-क

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 6x1=6**

माउंट एवरेस्ट, जिसे नेपाल में सागरमाथा के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया की सबसे ऊँची चोटी है। 8,848 मीटर की प्रभावशाली ऊंचाई पर स्थित, यह दुनिया भर के पर्वतारोहियों और साहसी लोगों के लिए एक प्रतिष्ठित गंतव्य है। माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना एक कठिन और चुनौतीपूर्ण उपलब्धि है जिसके लिए महीनों की तैयारी और उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस की आवश्यकता होती है। शिखर तक की यात्रा लगभग 5,364 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बेस कैंप से शुरू होती है। जैसे-जैसे पर्वतारोही ऊपर चढ़ते हैं, वे "मृत्यु क्षेत्र" का सामना करते हैं, जो 8,000 मीटर से ऊपर का क्षेत्र है जहाँ ऑक्सीजन का स्तर खतरनाक रूप से कम है, जिससे मानव शरीर के लिए कार्य करना बेहद मुश्किल हो जाता है।

(क) माउंट एवरेस्ट को नेपाल में किस नाम से जाना जाता है?

(i) सागरमाथा (ii) सागर (iii) हिमालय (iv) माउंट एवरेस्ट

(ख) माउंट एवरेस्ट किस देश में स्थित है?

(i) भूटान (ii) भारत (iii) नेपाल (iv) चीन

(ग) माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई कितनी है?

(i) 8,888 मीटर (ii) 8,858 फीट

(iii) 8,848 मीटर (iv) 8,848 फीट

(घ) माउंट एवरेस्ट पर चढने के लिए किस चीज की आवश्यकता होती है?

(i) शारीरिक (ii) महीनों की तैयारी

(iii) बेस कैंप (iv) दोनों

(ङ) माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई के लिए बेस कैंप कहाँ स्थित है?

(i) नेपाल में (ii) घाटी में

(iii) 5,364 मीटर की ऊंचाई पर (iv) गाँव में

(च) 8,000 मीटर से ऊपर का क्षेत्र है, उसे किस नाम से जाना जाता है?

(i) जीवन क्षेत्र (ii) मृत्यु क्षेत्र

(iii) पर्वत क्षेत्र (iv) घाटी

(छ) 8,000 मीटर की ऊंचाई के बाद किसकी कमी से मानव शरीर के लिए कार्य करना बेहद मुश्किल हो जाता है?

(i) जल (ii) कार्बन डाई ऑक्साइड

(iii) ऑक्सीजन (iv) हवा

**प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **4x1=4**

प्यारे सूरज की किरणें, धरती को सजाएँ,
हर दिन नई शुरुआत, नए सपने लाएँ।
रात की चादर में चमकते सितारे,
रात को भी लगते हैं, जैसे हो प्यारे।

हर सुबह की हवा, नए सपने लाती है,
रात का अंधेरा, नई राहें दिखाती है।
सपनों की दुनिया में, हर दिल मस्त रहता है,
सपनों का रंगीन संसार, हर रोज़ सजता है।

(क) हर सुबह की हवा किसे लाती है?

(i) पुराने सपने (ii) नए सपने (iii) अंधेरा (iv) सितारे

(ख) 'रात की चादर में चमकते सितारे' - यह वाक्य किस बात को दर्शाता है?

(i) रात का अंधेरा (ii) दिन की गर्मी

(iii) सितारों की चमक (iv) सुबह की रोशनी

(ग) 'सपनों की दुनिया में हर दिल मस्त रहता है' का क्या अर्थ है?

(i) सपनों से दूर रहना (ii) सपनों में खुश रहना

(iii) सपनों को नजरअंदाज करना (iv) सपनों को छोड़ देना

(घ) कविता में रात के अंधेरे के बारे में क्या कहा गया है?

(i) यह भयावह होता है (ii) यह सपने दिखाता है

(iii) यह कोई महत्व नहीं रखता (iv) यह सुबह की शुरुआत की तरह है

**खण्ड-ख**

**प्रश्न 3 निर्देशानुसार उत्तर चुनिए -** **2x1=2**

(क) निम्नलिखित शब्दों में से क्रिया शब्द चुनिए-

(i) ऊपर (ii) चलेगा (iii) घर (iv) हंस

(ख) "कल बारिश आएगी|" वाक्य किस काल में है?

(i) भूतकाल (ii) भविष्यकाल (iii) वर्तमानकाल (iv) सभी

**प्रश्न 4 सही विलोम शब्दों पर गोला लगाइए-** **2x1=2**

(क) सुगंध - गंधहीन / दुर्गन्ध

(ख) सुख - दुःख / दुखी

**प्रश्न 5 'धरती' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|** **2x1=2**

**प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए-** **3x1=3**

(क) जग (ख) भाग (ग) पर

**प्रश्न 7 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए-** **3x1=3**

(क) जो अपने देश का हो-

(ख) जिसमें बहुत खतरा हो-

(ग) जो जंगल में रहता हो -

**प्रश्न 8 शुद्ध वर्तनी वाले शब्द को चुनिए-** **3x1=3**

(क) (i)परथावी (ii) प्रथ्वी (iii) पृथ्वी (iv) पार्थ्वी

(ख) 'तुम सुबह की चाय पी लीया।' वाक्य को शुद्ध करके लिखिए|

(ग) 'लड़के को खेलना अच्छी लगती है|' वाक्य को शुद्ध करके लिखिए|

**खण्ड-ग**

**प्रश्न 9 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 3x1=3**

शाम हो चुकी थी| एक बालक अपने घर लौट रहा था | वह जंगल के रास्ते खेलता-कूदता चला जा रहा था |अचानक उसकी दृष्टि एक पेड़ की नीची टहनी पर पड़ी | उसने देखा,वहाँ एक छोटे से घोंसले में दो अंडे रखे हैं और उनके पास एक चिड़िया बैठी है|

(क) गद्यांश में किस समय की बात हो रही है?

(ख) पेड़ की नीची टहनी पर क्या रखा था?

(ग) घोंसले के पास कौन बैठा था?

**प्रश्न 10 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 3x1=3**

लोमड़ी ने थी खीर पकाई

खुली परात में भरकर लाई।

लोमड़ी लपालप खीर खाए

सारस बैठा मुँह लटकाए।

सारस कुछ भी कह न पाया

भूखा- प्यासा घर को आया।

(क) लोमड़ी ने क्या पकाई?

(ख) लोमड़ी ने खीर किसमें परोसी?

(ग) सारस ने क्या खाया?

**प्रश्न 12 प्रश्न पढ़कर सही उत्तर चुनिए- 3x1=3**

(क) घोंसला पेड़ की ________ डाल पर था।

(i) ऊँची (ii) नीची (iii) मोटी (iv) पतली

(ख) टेसू के फूल से क्या बनाया जाता है?

(i) कपड़ा (ii) रंग (iii) घर (iv) कागज़

(ग) पहाड़ पर गड़रिये का क्या चिपक गया?

(i) जूता (ii) टोपी (iii) लाठी (iv) कपड़ा

**प्रश्न 13 उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। 2x1=2**

(क) लोमड़ी ने खीर ________ में परोसी। ( परात / जग )

(ख) घोंसले के बीच में एक छोटा - सा ___________ था । ( तिनका / गड्ढा )

**प्रश्न 14 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 4x1=4**

(क) बालक को आता देख चिड़िया ने क्या किया?

(ख) होली में किस में रंग भरकर रखा जाता है?

(ग) सारस ने लोमड़ी को जग में सूप क्यों परोसा?

(घ) पहले गडरिये ने अपने दोस्तों को क्या बताया?

**खण्ड-घ**

**प्रश्न 11 निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य रचना कीजिए - 2x1=2**

(क) सघन

(ख) एहसास

**प्रश्न 15 दिए गये चित्र का वर्णन 40-45 शब्दों में कीजिए। 4x1=4**



**प्रश्न 16** **जन्मदिन की बधाई देते हुए मित्र को पत्र लिखिए।** **4x1=4**